प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिसटीम ने जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 08.08.2022 अवैध जुआ में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

जिसमें वरिष्ठ उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह द्वारा ताश के पत्तो से रुपयो की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को ग्राम लाड़पुर शिवमन्दिर के पास मय मालफड 1150/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 340/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 198/2022 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया

उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा ताश के पत्तो से रुपयो की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को ग्राम लाड़पुर देव मन्दिर के पास के पास से मय मालफड 1140/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 280/- रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 199/2022 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह 2.उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह 3.कां0 बिपिन कुमार यादव 4.कां0 शिवम कुमार 5. कां0 मनोज कुमार 6.कां0 विवेक कुमार थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.हरेन्द्र सेन पुत्र शिवराम सेन 2.रविन्द्र राजपूत पुत्र भूपत सिंह 3.नीरज सिंह पुत्र गोविन्द राजपूत 4.शैलेन्द्र पुत्र अर्जुन सिंह 5.बलराम पुत्र गोरेलाल विश्वकर्मा 6.हरी सिंह पुत्र किश्नबिहारी राजपूत निवासी ग्राम लाड़पुर थाना कुलपहाड़ जिला महोबा






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा की संयुक्त अध्यक्षता में

## महोबा में लगने वाले ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव व आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में आयोजित हुयी समीक्षा बैठक-

मोहर्रम व आगामी त्यौहारों सहित जनपद महोबा में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से पुलिस / प्रशासन तथा नगर पालिका परिषद तथा महोबा संरक्षण एवं विकास समिति द्वारा की जा रही विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री आर0पी0 सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की उपस्थिति में आज दिनांक 09.08.2022 को पुलिस लाइन अवस्थित अतिथि गृह में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

महोबा के ऐतिहासिक कजली महोत्सव की समीक्षा के दौरान आयोजित बैठक में मौजूद पुलिस / प्रशासन तथा नगर पालिका परिषद तथा महोबा संरक्षण एवं विकास समिति के सदस्यों/प्रतिनिधियों ने कजली मेला में आयोजित कार्यक्रमों व सांस्कृतिक धरोहर से आच्छादित उच्च कोटि के कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में अपने-अपने सुझाव दिये जिससे कजली महोत्सव को अधिक वैभवशाली रुप दिया जा सके।

इसी क्रम में मोहर्रम त्यौहार की समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त/पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा ताजिया रुट पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने व जुलूस मार्ग में कोई बाधा न आने सम्बन्धी निर्देश दिये गया, कहा कि किसी भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होने दी जाये, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि ताजिया जुलूस के सभी चिन्हित प्वाइंट पर पुलिस बल की ड्यूटियां लगायी गयी हैं, त्यौहारों में अशान्ति फैलाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर श्री सौरभ तिवारी (नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि), एडीएम श्री आर0एस0 वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, एसडीएम नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, मेला प्रभारी सीएल साहू मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

मोहर्रम व आगामी त्यौहारों सहित जनपद महोबा में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव के लिये की जा रही विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल श्री आर0पी0 सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की उपस्थिति में आज दिनांक 09.08.2022 को आगामी कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत लगने वाले ऐतिहासिक मेले की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर मेला व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर मेला परिसर में बन रहे थाना व चौकी का निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी मेला थाना निरीक्षक श्री उमेश कुमार को सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात मेला प्रबंधन समिति से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की गयी तथा उनके द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा भी की, साथ ही निर्देश दिया कि आमने-सामने दुकानों के बीच के मार्गों को चौड़ा रखा जाए जिससे लोगों को दूर-दूर चलने में परेशानी ना हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी ना हो।

इसी क्रम में मण्डलायुक्त/पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए, आयोजन समिति को पूर्ण आश्वस्त किया कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी और समिति को मेला आयोजन करने में पूरी मदद जनपदीय पुलिस द्वारा की जायेगी।

इस दौरान श्री सौरभ तिवारी (नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि), एडीएम श्री आर0एस0 वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, एसडीएम नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, मेला प्रभारी सीएल साहू मौजूद रहे।



